सपना अधूरा

फीस पूरी, डिग्री पूरी... फिर भी अधूरा सपना

# सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के 37 छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना अधूरा

**नवभारत, बालाघाट।** शिक्षा पूरी, डिग्री हाथ में और डॉक्टर बनने का सपना भी तैयार— लेकिन सिस्टम की एक अड़चन ने 37 होम्योपैथी छात्रों का भविष्य अधर में लटका दिया है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध एस.एम.डी.ओ. होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के ये छात्र पिछले कई महीनों से स्थायी रजिस्ट्रेशन के लिए भटक रहे हैं, जिससे उनका करियर पूरी तरह ठहर गया है।




वर्ष 2017-18 में सरकारी प्रक्रिया के तहत प्रवेश लेने वाले इन छात्रों ने साढ़े पांच साल की पढ़ाई और इंटर्नशिप पूरी कर वर्ष 2023 में डिग्री हासिल कर ली। इसके लिए उन्होंने 8 से 10 लाख रुपये तक खर्च किए, जिनमें कई छात्र बैंक ऋण के बोझ तले दबे हैं। शुरुआत में प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन मिला, लेकिन स्थायी रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करते ही फाइल पोर्टल पर 'पेंडिंग' में अटक गई। कॉलेज प्रबंधन ने पहले दिसंबर तक समस्या सुलझाने का भरोसा दिलाया, लेकिन बाद में मामला कोर्ट में लंबित होने की बात सामने आई। इस बीच छात्रों की जिंदगी ठहर गई है—न वे अपनी क्लीनिक शुरू कर पा रहे हैं, न सरकारी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं और न ही पोस्ट ग्रेजुएशन में प्रवेश ले पा रहे हैं, जहां रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

हताश छात्र हाल ही में क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे के पास पहुंचे। विधायक ने इस मामले को गंभीर बताते हुए विश्वविद्यालय पर अनियमितताओं के आरोप लगाए और कहा कि यह 37 युवाओं के भविष्य का सवाल है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाकर दोषियों पर कार्रवाई और छात्रों को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगी। छह साल की मेहनत और उम्मीदों के बाद भी मंजिल से दूर खड़े ये छात्र आज एक ही सवाल पूछ रहे हैं—आखिर उनकी गलती क्या है?

# बैहर में प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**नामांकन, साईकिल छात्रवृत्ति एवं पुस्तक वितरण की प्रगति की हुई समीक्षा**



**नवभारत, बैहर।** बोर्ड की द्वितीय परीक्षा के निरीक्षण उपरांत शासकीय मॉडल स्कूल बैहर के सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्यामय की अध्यक्षता में बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा विकासखंड के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक एवं छात्रहित से जुड़े विषयों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में विद्यालयों में छात्र नामांकन की स्थिति, विद्यार्थियों को साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा किसी भी पात्र विद्यार्थी को योजनाओं से वंचित न रखा जाए।

समीक्षा के दौरान कुछ विद्यालयों में नामांकन की स्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर संबंधित प्राचार्यों को विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के लिए बैठक स्थल पर ही विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण कराने एवं ऑनलाइन अपडेट करने संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यशाला में आईटी कोऑर्डिनेटर द्वारा प्राचार्यों एवं संबंधित कर्मचारियों को तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के नामांकन अपडेट कराने की प्रक्रिया कराई गई। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय निर्धारित समय सीमा में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी छात्र की शैक्षणिक प्रक्रिया प्रभावित न हो।

बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि शिक्षा विभाग की प्राथमिकता प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है और इसके लिए विद्यालय स्तर पर सतत निगरानी एवं समन्वय आवश्यक है।

## बैहर में जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य जारी

**नवभारत, बैहर।** जनगणना-2027 के अंतर्गत बैहर नगर परिषद क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर श्री अर्पित गुप्ता के एचएलबी क्षेत्र में जनगणना दल द्वारा 07 मई को मकान सूचीकरण का कार्य संपादित किया गया। इस दौरान मकानों एवं परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियों का संग्रहण कर अभिलेखों का अद्यतन किया गया। नगर परिषद बैहर के जनगणना प्रभारी गजेंद्र सिंह मेरावी के निर्देशन में यह कार्य किया गया। मकान सूचीकरण कार्य में सुपरवाइजर प्रवीण परासर तथा प्रगणक सुनील कुमार घरड़े एवं दीपक खांडेकर ने सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार जानकारी एकत्रित की गई। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से क्षेत्र में निवासरत परिवारों, आवासीय स्थिति एवं अन्य मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जाता है। यह जानकारी भविष्य में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की योजना बनाने में उपयोगी सिद्ध होती है। जनगणना दल ने आमजन से अपील की है कि वे मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणकों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सूचीकरण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हो।

# कौशल माइन की गहरी खुदाई से हथौड़ा में पेयजल संकट

▸ ग्रामीणों ने दी आत्मदाह की चेतावनी एसडीएम, तहसीलदार और थाना तिरोड़ी में सौंपा हस्ताक्षर युक्त आवेदन



**नवभारत, कटंगी 7 मई।** प्राइवेट मैगनीज खदान कौशल माइन (कौशल शकुन्तला) की गहरी खुदाई के कारण ग्राम हथौड़ा में भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। पानी के लिए परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना तिरोड़ी को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे भूख हड़ताल करेंगे और अपने प्राणों की आहुति देंगे।

30 अप्रैल को दिए आवेदन में ग्रामीण शैलेंद्र प्रसाद राउत ने बताया कि माइन के चलते और वाटर हार्वेस्टिंग नहीं होने के कारण गांव में भारी नुकसान हो रहा है। हर साल माइन के कारण पीने के पानी की बड़ी समस्या बनी रहती है। इस साल तो ऐसा लगता है पानी को लेकर कोई बड़ी घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते अगर समस्या का हल नहीं निकला तो अकाल मृत्यु भी हो सकती है।

### पहले भी की थी शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई

आवेदन के अनुसार ग्रामीणों ने 4 महीने पहले एसडीएम, तहसीलदार, कलेक्टर महोदय एवं एसडीओ (महानिर्देशक शाखा छिंदवाड़ा) को शिकायत पत्र सौंपकर अधिकारियों से स्वयं चर्चा की थी, परंतु कोई हल नहीं निकला और पानी की समस्या जस की तस बनी रही। इसीलिए अब ग्रामीण हड़ताल करने को मजबूर हैं।

**इन ग्रामीणों ने की शिकायत**

शिकायत आवेदन में एसपी राउत, राहुल गौतम, अनिल गौतम, पंकज सहरे, कमल, ललित गौतम, कंवर सिंह गौतम, अशोक, विष्णु, रीतूसेन ठाकरे, यशपाल ठाकुर, लक्ष्मण, देवलाल सहरे, संपतलाल, दयाल भोयर, केशर फौज, महेश ठाकरे, रामप्रसाद ठाकरे, दीपक कारसारोल एवं अन्य ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर शिकायत की है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**नवभारत कटंगी 7 मई।** प्रणेश कुमार प्राण, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं माननीय सतीश शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के निर्देशन तथा शबाना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी के मार्गदर्शन में 9 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एम.ए.सी.टी. (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, जल कर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामले जो सेवानिवृत्त संबंधी लोगों से संबंधित हैं, राजस्व प्रकरण के लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाएगा।

**अध्यक्ष की अपील- लोक अदालत का उठाए लाभ**

अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति न्यायिक मजिस्ट्रेट शबाना खान ने आम जनता से अपील की है कि न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, वैवाहिक प्रकरण, जल कर/बिल संबंधी प्रकरण तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं।

# बैठकी बाजार की व्यवस्था सुधारने मैदान में उतरे परसवाड़ा एसडीएम

**नवभारत, परसवाड़ा।** नगर के बुधवार बैठकी बाजार में फैल रही अव्यवस्थाओं और अतिक्रमण को लेकर एसडीएम श्रीश प्याशी गुरुवार को सख्त नजर आए। उन्होंने पंचायत एवं राजस्व अमले के साथ नगर का पैदल निरीक्षण कर सड़क तक फैली दुकानों और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पावर हाउस के सामने 33 केवी बिजली लाइन के नीचे संचालित टीनशेड दुकानों पर नाराजगी जताई। उन्होंने पंचायत कर्मियों को निर्देश दिए कि दुकानदारों को अंतिम नोटिस देकर शीघ्र अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली लाइन के नीचे दुकानें संचालित होना खतरे से खाली नहीं है। एसडीएम ने बुधवार बाजार में सड़क तक फैलने वाली दुकानों को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए ताकि यातायात प्रभावित न हो। इस दौरान अस्पताल परिसर, जनपद पंचायत कार्यालय, पुराने अस्पताल परिसर, राम मंदिर प्रांगण तथा सीएम राइज स्कूल के आसपास फैले अतिक्रमण का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बस स्टैंड की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके से चर्चा की। मीडिया से बातचीत में एसडीएम श्रीश प्याशी ने कहा कि परसवाड़ा सहित आसपास क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी और सबसे पहले बैठकी बाजार को व्यवस्थित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान गायत्री सुधीर कुमरे, उपसरपंच भजनलाल उइके, जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, नरेंद्र पप्पू पटले, सचिव महेश मरकाम, श्रीश अवधिया, पटवारी अभय पटेल, पटवारी श्रीअचला, कोटवार दिलीप मेश्राम, पत्रकार हर्ष पाण्डेय, नरेंद्र पप्पू शरणागत सहित पंचायत एवं राजस्व विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## थाने से लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज के पास प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने बीच सड़क पर ऑटो रुकवाकर थाने से लौट रहे अपने ही दामाद और उसके परिवार पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान युवक पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक दमोह नाका निवासी 23 वर्षीय मेहित चौधरी ने राजनंदनी वंशकार से प्रेम विवाह किया था। राजनंदनी के परिजनों ने रांझी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी सिलसिले में मेहित अपनी पत्नी राजनंदनी, मां, बहन और चाची के साथ थाने में बयान और लिखा-पढ़ी के लिए आया था।

# परसवाड़ा में आयोग सदस्य भगत सिंह नेताम का स्वागत, बैठक में जनजातीय विकास और सामाजिक न्याय पर विस्तृत चर्चा

**नवभारत, परसवाड़ा।** अनुसूचित जनजातियों के विकास को समर्पित राज्य आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम का बुधवार को परसवाड़ा आगमन हुआ, जहां सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला।



बस स्टैंड से लेकर जनपद पंचायत परिसर और गोंडवाना भवन तक जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं, पुष्पगुच्छ और पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक अंदाज में स्वागत कर आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया।

इस अवसर पर भगत सिंह नेताम ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

इसके पश्चात गोंडवाना भवन में सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के जनजातीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं जैसे सड़क, पेयजल, शिक्षा सुविधाओं की कमी और वनाधिकार से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया।

बैठक को संबोधित करते हुए नेताम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, वंचित और उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के परिवारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है और जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नेताम ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं और पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बैठक में उठाई गई समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, अशोक अवधिया, मंडल प्रभारी तपन राजा चौधरी, समाजसेवी तेजराम बोरिकर, पूर्व जनपद सदस्य शिवानी तिल्लासी, नरेंद्र पप्पू पटले, देवेन्द्र एड़े सहित मंडल के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# बैहर में संगठन कमजोर, विधायक के जनाधार में गिरावट

**नवभारत, बालाघाट।** बैहर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों कांग्रेस संगठन की स्थिति को लेकर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में पार्टी के जनाधार में गिरावट और संगठनात्मक कमजोरी की चर्चाएं तेजी से फैल रही हैं।



स्थानीय कार्यकर्ताओं और सूत्रों के अनुसार संगठन के जिला अध्यक्ष ओर विधायक द्वारा संगठन को पर्याप्त समय नहीं दिए जाने के कारण जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं में सक्रियता लगातार कम होती जा रही है। पार्टी के कई जमीनी कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में नियमित संपर्क और संवाद की कमी साफ तौर पर महसूस की जा रही है।

यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि जनप्रतिनिधि द्वारा क्षेत्र में पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है, जिससे आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस के प्रति दूरी बढ़ती जा रही है। कई लोगों ने यह भी शिकायत की है कि उनके , संगठन या क्षेत्र संबंधी समस्या के लिए संबंधित कांग्रेस या विधायक कार्यालय में फोन लगाने पर फोन तक नहीं उठाए जाते, जिससे उनकी परेशानी में कोई मदद नहीं मिल पाती जिससे उनमें नाराजगी का माहौल बन रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि जल्द ही संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के साथ कार्यकर्ताओं की समस्या या नाराजगी को दूर करने के प्रयास नहीं किए गए, तो आगामी चुनावों में इसका सीधा नुकसान पार्टी के साथ बैहर विधानसभा सीट को को उठाना पड़ सकता है जिसका उदाहरण पिछले चुनाव में विधायक ने देख लिया है ।

## 15 को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में लगेगा सहायक उपकरण वितरण शिविर

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी 15 मई 2026 को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में जिले के 1330 चिन्हित हितग्राहियों को कुल 5571 सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। शिविर का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के उद्देश्य से 05 से 10 दिसंबर 2025 तक जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा, कटंगी, खैरलांजी एवं बालाघाट तथा नगर पालिका परिषद वारासिवनी, कटंगी और बालाघाट क्षेत्रों में एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत एलिम्को के माध्यम से विशेष चिन्हांकन शिविर आयोजित किए गए थे। इन शिविरों में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों की आवश्यकताओं के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन एवं परीक्षण किया गया था।

शिकायत

ग्रामीण कार्यकर्ताओ ने पार्टी विरोधी गतिविधि में लिप्त लोगों की नामजद करायी शिकायत दर्ज

# भाजपा कार्यालय मे जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता मे नगर मंडल की विशेष बैठक संपन्न

**नवभारत, वारासिवनी।** भाजपा कार्यालय मे आज प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देश पर नगर मंडल की विशेष मासिक बैठक आयोजित हुयी। जिसमे मुख्य अतिथी के रूप मे जिला प्रभारी माननीय अभिलाष मिश्रा, विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल,नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, जिला पदाधिकारी जीतेन्द्र मोहारे, जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जीतेन्द्र चैधरी जिला मिडिया प्रभारी,निरंजन बिसेन, संदीप मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।




बैठक मे सबसे पहले अभिलाष मिश्रा ने कार्यकर्ताओ को पश्चिम बंगाल मे भाजपा की मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई प्रेषित करते हुये कहा की इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओ को ही दिया है। हमे संगठन के पदो पर रहते हुये जवाबदेही के साथ कार्य करना है। साथ ही यह भी याद रखना है की किसी भी चुनाव मे जीत या हार यह कार्यकर्ता की ही होती है। वारासिवनी क्षेत्र मे ईवीएम मशीन मे जीत दर्ज करने के कारण प्रदीप जायसवाल को ही वे अपनी नजर मे विधायक मानते है।

विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने स्पष्ट कहा की आज प्राय सभी राज्यो मे भाजपा की सरकार है। हम पश्चिम बंगाल भी जीत गये है। किंतू अगर अपने ही क्षेत्र मे हम चुनाव हारते है तो चंद लोगो के कारण पुरी टीम की मेहनत पर पानी फिर जाता है। लंबे समय से बालाघाट जिले मे भाजपा के मात्र दो ही विधायक चुनाव जीत रहे है। यह प्रदेश व राष्टीय संगठन के लिये सोचने का विषय है। हम आज भी बूथ जीतो चुनाव जीतो की निति पर संगठन के हिसाब से कार्य कर रहे है।

नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने मंडल के पदाधिकारीयो से अब सक्रिय होकर संगठन हित मे कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही उन्होने सभी को जानकारी देते हुये बताया की दो बैठको मे जो अनुपस्थित रहेगे। उन्हे नियमानुसार नोटिस जारी किये जायेगे। वही तीसरी बैठक मे पुन अनुपस्थित रहने पर उनके पदो का दायित्व किसी और सक्रिय कार्यकर्ता को सौप दिया जायेगा।

बैठक समाप्ति के बाद कार्यकर्ताओ से चर्चा के दौरान कायदी सरपंच प्रतिनिधी जीतेन्द्र सिंह नगरगढे,सुनील बिसेन, आनंद बिसेन, शुभम जैन सहित अनेको प्रमुख कार्यकर्ताओ ने मे जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा को शिकायती स्वर मे नामजद जानकारी दी की पार्टी मे दो चार लोग स्पष्ट तौर पार्टी विरोधी कार्य कर रहे है। जिसके कारण सक्रिय कार्यकर्ताओ मे नाराजगी व्याप्त हो रही है। और इसका पुन असर आने वाले चुनावो मे पडने की पूर्ण संभावना है। अत इन लोगो पर कडक कार्यवाही अवश्य की जानी चाहिये।

## निरस्त नामांकनों पर पुनर्विचार करे चुनाव समिति

**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनावों को लेकर मप्र उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसोसिएशन के सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश भर के लगभग 18 जिलों एवं नौ तहसील बार संघों के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारी शामिल हुए ।उपस्थित वकीलों ने चुनाव में 12 प्रत्याशियों के नामांकन फार्म असंवैधानिक तरीके से निरस्त किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया ।अधिवक्ताओं ने एकमत होकर इस निर्णय की निंदा की और चुनाव समिति से इन नामांकनों पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है।

## 8 एवं 9 को डाकघरों में आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए विशेष अभियान का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** डाक विभाग द्वारा बालाघाट संभाग के डाकघरों में आधार सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से 8 एवं 9 मई 2026 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक करने जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग द्वारा बताया गया है कि आधार नामांकन एवं अपडेशन के इस अभियान में शामिल होने के लिए 6 एवं 7 मई 2026 को संबंधित डाकघर आधार केंद्रों पर टोकन वितरित किए जाएंगे। निर्धारित तिथियों 8 एवं 9 मई को सभी आधार केंद्र प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक कार्य करेंगे, जबकि प्रधान डाकघरों में यह सेवा सायं 8:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस विशेष अभियान के अंतर्गत बालाघाट संभाग के बालाघाट जिले में स्थित बालाघाट प्रधान डाकघर सहित भरवेली, मलाजखंड, लालबर्रा, उकवा, रामपायली, बैहर, लांजी, किरनापुर, तिरोड़ी, कटंगी एवं वारासिवनी उपडाकघरों में आधार पंजीयन एवं अपडेशन की सुविधा दी जाएगी।

डाक विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने नजदीकी डाकघर आधार केंद्र पर पहुंचकर इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।